एपीआई का 77वाँ राष्ट्रीय सम्मेलन 'एपिकॉन, 2022'

चर्चा में क्यों?

14 अप्रैल, 2022 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर, सीतापुरा में एसोसिएशन ऑफ फिजीशियंस ऑफ इंडिया (एपीआई) के 77वें राष्ट्रीय सम्मेलन 'एपिकॉन, 2022' का उद्घाटन किया।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर चिकित्सकों को वर्ष 2020 एवं 2021 के प्रतिष्ठित जीवराज मेहता अवार्ड से सम्मानित किया और चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा लिखित विभिन्न पुस्तकों का विमोचन भी किया।
- एपीआई जयपुर चैप्टर की ओर से आयोजित इस 4 दिवसीय सम्मेलन का आयोजन 17 अप्रैल, 2022 तक किया जाएगा।
- गौरतलब है कि एपीआई का यह वार्षिक सम्मेलन 10 साल बाद जयपुर में आयोजित किया जा रहा है।
- इस सम्मेलन में 6,000 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय चिकित्सक भाग लेंगे। सम्मेलन में चिकित्सा के सभी पहलुओं को कवर करने के लिये आउटस्टैंडिंग डेलेब्रेशंस एंड डिबेट्स होंगे, ताकि 'पिंक ऑफ हेल्थ' में रहने के लिये इनोवेटिव तरीकों की खोज की जा सके।
- 'एपिकॉन, 2022' चिकित्सा के अभ्यास के साथ-साथ हाय-टेक सम्मेलनों के आयोजन में टेक्नोलॉजी को फर्स्ट हैंड अनुभव करने के लिये एक मील का पत्थर साबित होगा। सम्मेलन औद्योगिक भागीदारों को भी पर्याप्त प्रदर्शन और व्यावसायिक अवसर प्रदान करेगा।
- ऐतिहासिक रूप से 'एपिकॉन' भारत के चिकित्सकों और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सबसे बड़े चिकित्सा सम्मेलनों में से एक है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/77th-national-conference-of-api-apicon-2022